कार्यालय ग्राम पंचायत जवासिया पंचायत समिति रेलमगरा, (राजसमन्द)

क्रमांक :– ग्रा.पं. / निविदा / 2026–27 / 105 दिनांक :– 18.05.2026

ई–निविदा सूचना वित्तीय वर्ष 2026–27

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जवासिया में ग्रामवार वित्तीय वर्ष **2026–27** मे ग्राम पंचायत के समस्त गावों में घर–घर आवासीय एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, सड़क एवं नाली सफाई, तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं / फर्मो से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। निविदा संबंधित समस्त दस्तावेज कार्यालय समय में **ग्राम पंचायत कार्यालय** से अथवा ऑनलाईन प्राप्त किये जा सकते है।

क.सं.	बोली का विवरण	अनुमानित कुल लागत राशि	बोली प्रतिभूति राशि (रूपये में)	बोली प्रपत्र शुल्क (रूपये में)	M.D RISL शुल्क (रूपये में)	बोली प्रपत्र डाउनलोड एंव अपलोड शुरू करने की दिनांक व समय	बोली प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय	बोली खोलने की दिनांक व समय
1	2	3	4	5	6	7	8	9
01	ग्राम पंचायत के समस्त गावों में घर–घर (आवासीय एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानो) से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण,सड़क एवं नाली सफाई, तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई सहित कार्य	8.50 लाख	17000/-	500/-	500/-	19.05.2026 से 01.06.2026 (6.00PM) तक	02.06.2026 (1.00PM) तक	02.06.2026 (2.00PM) पश्चात

1. निविदा प्रपत्र कार्यालय **ग्राम पंचायत** जवासिया पंचायत समिति रेलमगरा जिला राजसमन्द से व्यक्तिशः अथवा **http://sppp.rajasthan.gov.in** एंव **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एंव अमानत राशि के मूल डी0डी0 / बैंकर चैक / चालान की प्रति ऑनलाईन तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर अपलोड करनी होगी। साथ ही निविदा शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एंव अमानत राशि के मूल डी0डी0 / बैंकर चैक निविदा खोलने की दिनांक को 01 बजे तक जमा करानी होगी।
2. निविदा आमत्रंण की सम्पुर्ण सूचना मय बोली दस्तावेज सम्बन्धित कार्यालय ग्राम पंचायत से व्यक्तिशः अथवा राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल **http://sppp.rajasthan.gov.in** एंव **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पर भी देखा व प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा प्रपत्र शुल्क एवं अमानत राशि के मूल डी.डी. / बैंकर चैक सरपंच / प्रशासक ग्राम पंचायत जवासिया के नाम बनाना होगा एंव ***प्रोसेसिंग शुल्क का निविदादताओ को निविदा प्रोसेसिंग फीस M.D RISL Jaipur के नाम ई–ग्रास चालान बजट मद – 8658–00–102–16–01 (सिविल विभाग) में निविदा के साथ जमा कराना होगा।***
4. निविदा प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग शुल्क एंव प्रतिभूति राशि के डी0डी0 / बैंकर चैक को भौत्तिक रूप से **कार्यालय ग्राम पंचायत** जवासिया में जमा कराने वाले निविदादाताओं की ही तकनीकी बोली खोली जावेगी।
5. तकनीकी–वाणिज्यिक / क्वालिफाईड बिड उक्त वर्णित दिनांक को दोपहर 02 बजे कार्यालय पंचायत समिति रेलमगरा में उपस्थित बोलीदाता / संवेदक या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष उपापन समिति द्वारा खोली जायेगी व तकनीकी बोली मे सफल बोलीदाता की ही वित्तिय बोली खोली जायेगी। संबंधित दिनांक को यदि निविदा किसी कारणवश नहीं खोली जाती है तो यह प्रकिया आगामी दिनांक तक जारी रहेगी।
6. उक्त निविदा केवल दर अनुबंध के लिए की जा रही है। संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा वित्तिय स्वीकृती जारी करने के उपरांत अनुबंधित फर्म को कार्यादेश जारी किये जाने एंव नियमानुसार रजिस्टर संधारित करने पर ही भुगतान किया जावेगा।
7. किसी भी निविदा को स्वीकार / अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का अधिकार उपापन समिति के पास सुरक्षित है।
8. निविदा के क्रम में उपापन समिति ग्राम पंचातय स्तरीय होगी।
9. यदि कोई निविदादता पंचायत समिति क्षेत्र में अन्य किसी 02 पंचायत मे सफल निविदादाता है ,तो उसे इस ग्राम पंचायत से कार्यादेश जारी नहीं किया जा सकेगा।

लक्ष्मी जाट
प्रशासक
ग्राम पंचायत जवासिया
प. स. रेलमगरा (राजसमन्द)

प्रशासक
ग्राम पंचायत जवासिया

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जवासिया
पं.स. रेलमगरा (राजसमन्द)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत

Signature Not Verified
Digitally signed by KAILASH DAS KAMAR
Date: 2026.05.18 14:39:40 IST
Location: Rajasthan-RJ